# बैठक कार्यवृत्त

दिनांक 06.12.2025 दिन शनिवार को समय अपरान्ह 6.00 बजे कलेक्ट्रेट नवीन सभागार, इटावा में जिलाधिकारी, महोदय की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी, महोदय के अतिरिक्त निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1. मुख्य विकास अधिकारी, इटावा।
2. जिला विकास अधिकारी, इटावा।
3. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), इटावा।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, इटावा।
5. जिला कृषि अधिकारी, इटावा।
6. जिला सूचना अधिकारी, इटावा।
7. सहायक अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, इटावा।
8. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग, इटावा।
9. प्रतिनिधि प्रभागीय वनाधिकारी।
10. प्रतिनिधि डी0पी0एम0यू0 इटावा।
11. प्रतिनिधि टी0पी0आई0, इटावा।
12. प्रतिनिधि मै0 आई0एच0पी0कं0लि0।
13. प्रतिनिधि मै0 OMIL&JWIL (JV)।
14. प्रतिनिधि मै0 हितवी कन्स्ट्रक्शन कं0।

बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी, महोदय द्वारा निम्नवत् निर्णय लिए गये/निर्देश दिए गये।

**जनपद में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत ग्रामों के आच्छादन की स्थिति :–**

जनपद में कुल 680 राजस्व ग्राम है, जिसमें 143 नग राजस्व ग्राम पुरानी पेयजल योजनाओं से आच्छादित है, शेष 537 नग ग्राम जल जीवन मिशन फेज–2 एवं फेज–3 में प्रस्तावित हैं। समस्त ग्रामों की डी0पी0आर0 बनाई गयी हैं एवं एस.एल.एस.सी. से स्वीकृत हो चुकीं है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य एंव प्रगति विवरण निम्नानुसार है :–

***1– जल जीवन मिशन (फेज–2)*** :– राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से नामित फर्म मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप प्रा0लि0 को 94 नग (सम्मिलित 159 नग राजस्व ग्राम) पाइप पेयजल योजनाओं के कार्य पूर्ण किया जाना लक्षित है। 94 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 30 नग पेयजल योजनाओं का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, 100 नग टयूबवेल के सापेक्ष 97 नग टयूबवेल, 100 नग पम्पहाउस के सापेक्ष 90 नग पम्प हाउस, 98 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 85 नग अवर जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 83 नग पेयजल योजनाओं में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। गत माह में योजनाओं पर कार्यों की प्रगति धीमी रही कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग 1 वर्ष से धनावंटन न होने के कारण कार्यो की प्रगति प्रभावित हो रही है तथा योजनाओं की समयवृद्धि किये जाने की आवश्यकता है।

***2– जल जीवन मिशन (फेज–3)***:– राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से नामित फर्म मै0 ओम इन्फ्रा, प्रा0लि0, नई दिल्ली को 259 नग (सम्मिलित 381 नग राजस्व ग्राम) पाइप पेयजल योजनाओं के कार्य पूर्ण किया जाना लक्षित है। 259 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष मात्र 03 नग पेयजल योजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 291 नग टयूबवेल के सापेक्ष 286 नग टयूबवेल की बोरिंग कर ली गयी है, 291 नग पम्पहाउस के सापेक्ष 84 नग पम्प हाउस, 251 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 14 नग अवर जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 48 नग पेयजल योजनाओं में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। योजनाओं की समयवृद्धि बढ़ाने की आवश्यकता है। गत माह में योजनाओं पर कार्यों की प्रगति धीमी रही कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा

अवगत कराया गया कि लगभग 1 वर्ष से धनावंटन न होने के कारण कार्यों की प्रगति प्रभावित हो रही है तथा योजनाओं की समयवृद्धि किये जाने की आवश्यकता है।

***3– पुरानी पेयजल योजनाओं का अनुरक्षण एवं संचालन*** :– अवगत कराना है कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से फर्म मै0 हितवी कन्स्ट्रक्शन कं0 को 97 नग (सम्मिलित 143 नग राजस्व ग्राम) पाइप पेयजल योजनाओं मरम्मतीरकण व संचालन हेतु नामित किया गया है, जिनकी समस्त 97 नग डी0पी0आर0 बनाने का कार्य पूर्ण कर मुख्यालय को प्रेषित किया गया है।

**4– पेयजल योजनाओं की समयवृद्धि** :– जनपद में जिन पाईप पेयजल योजनाओं के अनुमानित पूर्णता तिथि (Estimated Date of Completion) JJM-IMIS पोर्टल पर समाप्त हो गई है, उन योजनाओं की नई अनुमानित पूर्णता तिथि जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) के माध्यम से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के अनुपालन में जनपद इटावा में जल निगम की कुल 92 पेयजल परियोजनाएं है, जिनके पूर्णता की तिथि समाप्त हो चुकी है। उल्लेखनीय है की पूर्णता की तिथि समाप्त होने के कारण भौतिक/वित्तीय प्रगति सम्भव नहीं हो रहा है, जिससे भुगतान भी सम्भव नहीं हो पायेगा। फलस्वरूप 92 नग पेयजल परियोजनाओं की नई अनुमानित पूर्णता तिथि में संशोधन करते हुए दिनांक 31.06.2026 तक संशोधित किये जाने तथा 02 पेयजल परियोजनाओं की स्कीम आई0डी0 त्रुटिपूर्ण ढंग से डुप्लीकेट प्रदर्शित हो रही है, इन सभी डुप्लीकेट परियोजनाओं को जनपद इटावा में पोर्टल से डीलीट किया जाना है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 353 नग में से 237 नग निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की पूर्णता में संशोधन आवश्यक है। 237 निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की नई अनुमानित पूर्णता तिथि दिनांक 30.06.2027 तक संशोधित किये जाने हेतु संलग्नक के अनुसार समिति द्वारा संस्तुति की गयी।

**5– जल जीवन मिशन के अन्तर्गत छूटे हुए ग्राम के मजरों के डी.पी.आर. की स्थिति:–** कार्यालय प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ पत्रांक 1726/011–जेजेएम/25, दिनांक 15.10.2025 के अनुक्रम में जनपद में पेयजल योजना से छूटे हुए मजरों/राजस्व ग्रामों के सम्बन्ध में परीक्षण कराकर डी.डब्ल्यू.एस.एम. द्वारा समीक्षा करते हुए, यदि कोई राजस्व ग्राम व मजरा पेयजल योजना से आच्छादित होने से छूट गया हो तो उसकी सूचना निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराते हुए उनके डी.पी.आर. बनवाकर डी.डब्ल्यू.एस.एम. से संस्तुति सहित प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त के सम्बन्ध में जनपद इटावा के अन्तर्गत कोई भी मजरो/राजस्व ग्रामों का नाम छूटा नही है, जिस कारण कोई भी डी0पी0आर0 बनाया जाना प्रस्तावित नहीं है।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
इटावा

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
इटावा

8 Dec 2025

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
इटावा

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), इटावा

पत्रांक : 3146 / M-1 / 02 दिनांक 08/12/25

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अधिशासी निदेशक,राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी, महोदय इटावा।
4. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय इटावा।
5. जिला पंचायत राज अधिकारी, इटावा।
6. जिला कृषि अधिकारी, इटावा।
7. जिला सूचना अधिकारी, इटावा।
8. सहायक अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, इटावा।
9. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग, इटावा।
10. प्रतिनिधि प्रभागीय वनाधिकारी।
11. प्रतिनिधि मै0 आई0एच0पी0कं0लि0।
12. प्रतिनिधि मै0 OMIL&JWIL (JV)।
13. प्रतिनिधि डी0पी0एम0यू0 इटावा।
14. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,इटावा।
15. मै0 हितवी कन्स्ट्रक्शन कं0।

08/12/2025

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
इटावा